## एक नजर में

### दो दिन बंद रहेगी मंडी

**ब्यावरा 09 मई, का.** स्थानीय कृषि उपज मंडी में आज और कल दो दिन का अवकाश रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार 10 मई को माह का दूसरा रविवार होने तथा कल 11 मई सोमवार साप्ताहिक अवकाश के चलते नीलामी कार्य बंद रहेगा. दो दिन मंडी में अवकाश रहेगा. अवकाश के इन दो दिन में किसान भाई अपनी कृषि उपज विक्रय के लिए मंडी में नहीं लावे.

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक सम्मानित



**राजगढ़ 09 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जनगणना 2027 के प्रथम चरण के मकान सुचिकरण कार्य में संलग्न प्रगणकों को जिन्होंने समय सीमा में शुद्धता एवं सटीक जानकारी घर घर जाकर प्राप्त की एवं समय सीमा से पूर्व कार्य करने पर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सबसे पूर्व कार्य संपन्न करने पर प्रगणकों को सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर उनके लिए सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया एवं सभी प्रगणकों को कुशलता पूर्वक कार्य करने पर बधाई और शुभकामना दी गई तथा चार्ज स्तर तथा जिला स्तर कार्यरत जनगणना टीम को भी बधाई दी गई तथा सम्मानित किया गया.

### शिवचरण अभा राठौर महासभा उपाध्यक्ष बने



**जीरापुर 09 मई, सं.** डा. शिवचरण राठौर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया. अखंड भारतीय राठौर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान सिंह राठौर ग्वालियर (दिल्ली) के मार्गदर्शन में महामंत्री धुर्व कुमार राठौर ललितपुर की अनुशंसा पर राठौर समाज के समाजसेवी डॉक्टर शिवचरण राठौर जीरापुर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पत्र का दायित्व दिया गया, अखिल भारतीय राठौर महासभा ने डॉक्टर राठौर से सामाजिक क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों में सदैव तत्पर रहने की अपील करते हुए हर कार्य को निर्वहन करने हेतु यह दायित्व सौंपा उनके मनोनयन पर समाज जनों एवं ईस्ट मित्रों ने शुभकामनाएं दी.

### लोक अदालत में विभागों ने लगाए कैम्प

**ब्यावरा 09 मई, का.** शनिवार को स्थानीय पुराना तहसील परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में नपा, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा केम्प लगाए गये. मामलों के निराकरण हेतु हितग्राही पहुंचे तथा नियमानुसार मामले निराकृत हुए. नपा द्वारा लगाए केम्प में सम्पति कर के 83 मामलो का निराकरण हुआ जिससे 6 लाख 10 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई. जबकि जल कर के 108 मामले में 3 लाख 55 हजार की राशि एवं दुकान किराया के 7 मामलों का निराकरण हुआ जिसमें 71 हजार रुपये प्राप्त हुए. नपा द्वारा लगभग 350 नोटिस दिए गये थे. इसी प्रकार विद्युत विभाग व अन्य विभागों के द्वारा भी केम्प लगाए गये.

# अपने 8 पसेरी गेहूं के लिए मजदूर ने बस रोकी

शुक्रवार को राजस्थान रोडवेज की बस की डिक्की से मजदूर के 40 किलो गेहूं हुए चोरी, अगले दिन किया हंगामा

**खिलचीपुर बस स्टैण्ड पर शनिवार सुबह हुआ हंगामा कंडक्टर ने 500 रुपए देकर किया मामला शांत**

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 09 मई, सं. अपने 8 पसेरी यानी 40 किलो गेहूं बस की डिक्की से चोरी होने के बाद भी जब संतोषजनक जवाब और कार्यवाही नहीं हुई तो एक मजदूर ने बस रोक दी और तब तक उसे बढ़ने नहीं दिया जब तक उसके चोरी हुए गेहूं का हर्जाना नहीं मिल गया. घटना शनिवार सुबह खिलचीपुर बस स्टेण्ड पर हुई.**

जानकारी के अनुसार खिलचीपुर बस स्टेण्ड पर शनिवार सुबह एक मजदूर ने अपना 40 किलो गेहूं गायब होने पर राजस्थान रोडवेज की बस रोक दी. मजदूर का आरोप है कि शुक्रवार शाम इसी बस की डिग्गी से उसका गेहूं से भरा कट्टा गायब हो गया था. काफी हंगामे के बाद बस कंडक्टर ने उसे 500 रुपए देकर मामला सुलझाया, जिसके करीब 25 मिनट बाद बस को आगे रवाना किया जा सका. हालांकि हंगामे के दौरा वहां काफी संख्या में लोग जमा हो गए थे. मौके पर पहले से यानी भी थे.


## मजदूर के 40 किलो गेहूं का समर्थन मूल्य 500 रुपए मिला..!






## बस के आगे खड़ा रहा मजदूर, लेटने की चेतावनी

शुक्रवार की शाम कंडक्टर से शिकायत करने पर भी जब कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला और बस वहां से निकल गई. इसके बाद शनिवार सुबह करीब 8.10 बजे जब वही बस (राज 17 प 2735) वापस खिलचीपुर बस स्टैंड पहुंची, तो बिरम उसके सामने आकर खड़ा हो गया. उसने चेतावनी दी कि जब तक उसका गेहूं वापस नहीं मिलेगा, तब तक वह बस को आगे नहीं जाने देगा और जरूरत पड़ने पर बस के आगे लेट जाएगा. जानकारी के अनुसार कालाजी बड़ली निवासी बिरम मोगिया (50) मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं. शुक्रवार शाम वह राजस्थान के अकलेरा से 40 किलो गेहूं का कट्टा लेकर कोटा-ब्यावरा रोडवेज बस से लौट रहे थे. बीरम ने आरोप लगाते हुए बताया कि कंडक्टर के कहने पर ही उन्होंने गेहूं की बोरी डिग्गी में रख ी थी. लेकिन किराया देने के बावजूद टिकट नहीं दिया गया. जब बस खिलचीपुर पहुंची तो डिग्गी से कट्टा गायब मिला. इसकी शिकायत बीरम ने कंडक्टर से की. लेकिन पहले तो उसकी बात का अनसुना कर दिया गया. उसके कई बार कहा लेकिन बस वहां से चल दी. मजबूरी में उसे शनिवार सुबह हंगामा करना पड़ा.



### 25 मिनट खड़ी रही बस, 500 रुपए देकर सुलझाया

मजदूर के बस के सामने खड़े होने से स्टैंड पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बस में बैठे यात्री परेशान होते रहे. मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और करीब 25 मिनट तक बस वहीं खड़ी रही. स्थिति बिगड़ती देख बस परिचालक ने मजदूर को 500 रुपए दिए. इसके बाद स्थानीय लोगों की समझाईश पर मजदूर को हटाया गया. 8.52 बजे बस को राजस्थान के लिए रवाना किया गया.

## समर कैम्प में टीआई ने बच्चों को दिए टिप्स

**राजगढ़ 09 मई, का.** बांसवाड़ा मोहल्ले में संचालित ग्रीष्मकालीन समर कैंप बच्चों के लिए सीख, जागरूकता और रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है. अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से आयोजित इस समर कैंप में प्रतिदिन बच्चों को खेल-खेल में नई जानकारियां और जीवन उपयोगी सीख दी जा रही है. इसी क्रम में राजगढ़ कोतवाली थाना प्रभारी मंजू मुखेनिया ने कैंप में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया और उन्हें सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया. टीआई मंजू मुखेनिया ने बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श के बारे में सरल और संवेदनशील तरीके से समझाते हुए कहा कि बच्चों को अच्छे और बुरे व्यवहार की पहचान होना बेहद जरूरी है. उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बच्चों को परेशान करे, डराए, गलत तरीके से छूने की कोशिश करे या किसी भी परिस्थिति में असुरक्षित महसूस हो, तो उन्हें बिना डर के अपने माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस या विश्नसनीय व्यक्ति को तुरंत जानकारी देनी चाहिए. उन्होंने बच्चों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है. कार्यक्रम के दौरान अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के मनीष दांगी ने बच्चों को उनके अधिकारों की जानकारी दी.

# कुरावर नपं मामले की जांच करने दल गठित

जांच के दौरान ठेकेदारों के भुगतान पर लगाई रोक



पिछले दिन राजगढ़ कलेक्टर को ज्ञापन देते जिले भर के सीएमओ - **फाईल फोटो**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 मई, का. मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुरावर द्वारा प्राप्त शिकायत जिसमें नपं अध्यक्ष द्वारा मुख्य नपाधिकारी पर फर्जी भुगतान का दबाव बनाए जाने, मारपीट करने आदि का उल्लेख किया गया. उक्त घटनाक्रम की जांच हेतु कलेक्टर द्वारा चार सदस्यीय दल गठित किया गया है जो मामले की जांच करेगा.**

जांच दल में अनुविभागीय अधिकारी नरसिंहगढ़, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण राजगढ़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नपा ब्यावरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजगढ़ को जांच अधिकारी बनाया गया है.

अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रकरण में संयुक्त रुप से जांच कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरसिंहगढ़ को जांच प्रतिवेदन अद्योस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे. मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुरावर को निर्देशित किया जाता है कि आगामी आदेश तक ई-नगर पालिका 2.0 पोर्टल पर अपलोड वेन्डर, ठेकेदारों के देयकों का भुगतान नहीं किया जाये.

## कमल सिंह राणा को मिली जिला सचिव पद की जिम्मेदारी



**सारंगपुर 09 मई, सं.** जिला किसान कांग्रेस कमेटी राजगढ़ में संगठन विस्तार और मजबूती के उद्देश्य से नई नियुक्तियां की गई हैं. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के निर्देश एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची की सहमति से जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवान सिंह बागड़ी ने सारंगपुर विस के ग्राम आसारेटा के वरिष्ठ किसान नेता कमल सिंह राणा को जिला किसान कांग्रेस कमेटी राजगढ़ में जिला सचिव नियुक्त किया है. शनिवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची ने नियुक्ति पत्र सौंपा. और कहा कि वे सदैव किसानों के साथ खडे रहकर उनके हितों के लिए कार्य करेंगे. इस नियुक्ति पर बाबूलाल मालवीय, रामबाबू सेन, आशीष विश्वकर्मा सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे.

# जनगणना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणक सम्मानित

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 09 मई, सं. जिले में चल रही जनगणना 2027 तहत मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना में जिले में सबसे पहले अपने कर्तव्य पर रहकर उक्त कार्य को पूर्ण करने वाले शिक्षक सचिन गुप्ता, पूजा गुप्ता, सुरेशचंद्र सोनी माचलपुर को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.**

जिलाधीश डॉ गिरिश कुमार मिश्रा ने नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे जनगणना मकान सूचीकरण एवं मकान गणना में जिले से लोकसेवकों की सहभागिता की प्रशंसा की. जनगणना दौरान आने वाले विषय बिन्दुओं पर सामुहिक चर्चा कर सबका मार्गदर्शन व उत्साह बढ़ाया. नगर पंचायत माचलपुर क्षेत्र में जनगणना ब्लाक 13 व 15 की जनगणना पूर्ण होने पर सचिन गुप्ता, पूजा गुप्ता शिक्षक को शुभकामनाएं. जहां पर अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी के.के.राज भी उपस्थित रहे. सभागार कार्यक्रम मे उपस्थित अन्य नगरों, निकाय से आये प्रगणकों को भी सम्मानित किया जिन्होंने ने शीघ्रता से अपना कार्य सम्पादित किया. कार्यक्रम पश्चात् जिला कलेक्टर ने नई मिसाल प्रस्तुत करते हुए जिले से आए सभी प्रगणकों के साथ सामुहिक भोजन में शामिल हुए. जनगणना राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल सभी लोकसेवकों को समय पूर्ण करने व घर-2 पहूंचकर कार्य करने के निर्देश व शुभकामनाएं दी.



## प्राचीन नीम का पेड़ गिरा, तीन मकान क्षतिग्रस्त

**पड़ाना 09 मई, सं.** नगर के होली टेकरा एवं नगर खेड़ापति जाने वाले मार्ग पर शनिवार रात लगभग 1 बजे कई वर्ष पुराना नीम का पेड़ अचानक जमीनी धरातल से फटकर गिर गया. बताया जा रहा है कि पेड़ करीब 300 वर्ष पुराना है. पेड़ की बड़ी डाली पास में रहने वाले हरीपरमार और राम बैरागी के मकान पर जा गिरी.



घटना के समय हरीपरमार के परिवार के सदस्य घर के दूसरे हिस्से में सो रहे थे. पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनकर पिंटू परमार बाहर निकले और पड़ोसी रामबाबू परमार, पिता गिरनार सिंह परमार को सूचना दी. आनन-फानन में मोहल्ले के लोगों को बाहर निकाला गया. स्थानीय लोगों के मुताबिक, पहली घटना के ठीक 10 मिनट बाद ही पेड़ का एक और हिस्सा गिरनार परमार के मकान पर गिर गया. इस हादसे में तीन मकान क्षतिग्रस्त हो गए. राहत की बात यह रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई. अब प्रशासन से मांग उठ रही है कि क्षेत्र के आसपास मौजूद अन्य पुराने और जर्जर पेड़ों का सर्वे कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो और कोई बड़ा हादसा टाला जा सके.

# महाराणा प्रताप के शौर्य से गूंज उठा नगर

महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली भव्य वाहन रैली



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 मई, का. स्वाभिमान, शौर्य और अदम्य साहस के प्रतीक, माँ भारती के अमर सपूत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती शनिवार को नगर सहित पूरे जिले में अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई. इस अवसर पर नगर में एक विशाल वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने शामिल होकर राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया.**

महापुरुष का त्याग बना प्रेरणापुंज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मातृभूमि के गौरव और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनका अदम्य साहस और सर्वस्व समर्पण युगों-युगों तक भारतीय जनमानस को प्रेरित करता रहेगा. उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध अडिग रहने और अटूट राष्ट्रनिष्ठा की सीख देता है.

**देशभक्ति गीतों के साथ निकला काफिला** दोपहर के समय गुना रोड स्थित कमला लॉज से जयकारों और देशभक्ति गीतों की गूँज के साथ भव्य वाहन रैली का शुभारंभ हुआ. केसरिया ध्वज और महाराणा प्रताप के जयकारों से पूरा मार्ग गुंजायमान हो उठा.

रैली कमला लॉज से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, पीपल चौराहा, मुख्य बाजार, जूना ब्यावरा, अहिंसा द्वार और पुराना ए.बी. रोड होते हुए राजगढ़ रोड पहुँची. यहाँ से रैली राजगढ़ बायपास चौराहा स्थित महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर जाकर संपन्न हुई.

**प्रतिमा पर किया माल्यार्पण** रैली के समापन पर समाज बंधुओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इस विशाल आयोजन में नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में समाज के युवा और बुजुर्ग शामिल हुए. सुरक्षा की दृष्टि से पूरी रैली के दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा.

**मौसम** शनिवार को जिले के कई स्थानों पर आंधी के साथ हुई बारिश, कहीं-कहीं पर ओले भी गिरे


# आंधी-बारिश और ओलों ने फिर बदला मौसम

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 मई, का. मई माह के दूसरे सप्ताह में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है. शनिवार को एक बार फिर जिले में तेज आंधी, बारिश के साथ कहीं-कहीं पर ओले भी गिरे.**

विदित है कि मई माह भीषण गर्मी का माना जाता है, अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री के बीच बना रहता है किंतु मई माह के शुरुआत से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है. माह के दूसरे सप्ताह में भी एक बार फिर मौसम ने करवट ली. शनिवार को दोपहर से लेकर शाम तक कई स्थानों पर तेज हवाएं चली और बारिश होने लगी.





### चने के बराबर ओले भी गिरे

नगर सहित जिले में अनेक स्थानों पर बारिश के साथ चने के बराबर ओले भी गिरे. हालांकि कुछ सेकेण्ड के लिए ही ओले गिरे. बारिश से कुछ समय के लिए मौसम में नमी तो आई किंतु एक बार फिर गर्मी का प्रकोप शुरु हो गया.

### कुरावर क्षेत्र में तेज आंधी चली

कुरावर एवं आसपास क्षेत्र में शनिवार को दोपहर बाद तेज आंधी के साथ मध्यम बारिश भी हुई. कुरावर नगर एवं ग्राम मानपुरा, बोरखेड़ा, कोटरी कला, झुमका, जमुनिया, काकरिया, शाखा शामजी सहित अन्य जगहों पर काफी तेज आंधी चलना बताया जाता है.

### अधिकतम तापमान 40 पर आया

मई माह के इन दिनों में राजगढ़ जिले का अधिकतम तापमान 40 से 43 डिग्री के बीच रहता आया है किंतु वर्तमान में आंधी, बारिश के चलते अधिकतम तापमान में भी गिरावट आयी है. शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 .7 डिग्री पर रहा. जो कि एक दिन पूर्व 41 .1 डिग्री पर था.

### बिजली की लुकाछुपी जारी

नगर में दोपहर बाद से तेज हवा एवं मध्यम बारिश का सिलसिला शुरु हो गया. इस बीच कई बार बिजली गुल रही. बार-बार बिजली का आना-जाना चलता रहा. अधिकांश समय बिजली गुल रहने से मोबाइल, इनवेटर डिस्चार्ज होने लगे.